**खबर संक्षेप**

## ग्राम भीमोरी में दी गई योजनाओं की जानकारी



**भुआबिछिया।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भिमोरी में हमारा लक्ष्य, विकसित भारत, कार्यक्रम में राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित हितग्राहियों के ने अपना पंजियन कराया, लाभार्थी हितग्राहियों ने अपना अनुभव सांझा किये।सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। जहाँ सबंधित विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई जानकारी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनंत सिंह राठौर सभापति सहकारिता एवं उद्योग समिति जनपद पंचायत मवई, अध्यक्षता सहस राम धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत भिमोरी, विशिष्ट अतिथि करन सिंह मरावी सरपंच ग्राम पंचायत बांदरवाड़ी, खेल सिंह धुर्वे पूर्व सरपंच, सोहन सिंह धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत हर्रा टोला, अमर सिंह केराम, रमेश केराम, राय सिंह धुर्वे उपसरपंच,सन्तराम यादव, जय सिंह धुर्वे सचिव, मान सिंह रोजगार सहायक, श्रीमति प्रमिला मोबाइल जर, पंचायत के सभी गण्यमान्य नागरिक,सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के प्रभारी तिर्लोक मरावी ने आभार व्यक्त किया।

## जनमन योजना से संबंधित गीत का विमोचन

**मण्डला।** प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत प्रत्येक बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं के संबंध में जागरूक करने के लिए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर अनेक नवाचार किए गए हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम सहित अन्य मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रसिद्ध लोकगायक श्याम बैरागी द्वारा गाए गीत की सीडी का विमोचन किया गया।

### संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

# श्रृद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

*** नर्मदा तटों पर आयोजित हुये भण्डारे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

संक्राति का पुण्यकाल 15 जनवरी की अल सुबह से शुरू हुआ। जिसके कारण श्रृद्धालु 15 जनवरी को नर्मदा घाटों, संगम घाट समेत अन्य नर्मदा घाटों में स्नान करने करने पहुंचे। अल सुबह से ही रपटा घाट, संगम घाट, नर्मदा बंजर के संगम पर भक्तगणों का ताँता लग गया। श्रृद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान कर दाल-चांवल की खिचड़ी, तिल और गुड़ के लड्डू बाँटकर भगवान सूर्यनारायण से मोक्ष प्राप्ति की कामना की। बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने मंदिरों में पूजन पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम किए। हर वर्ष की तरह नर्मदा नगरी में संक्राति पर्व पर लोगों का हुजूम कम दिखा। संक्राति पर्व में स्नान के लिए लोग दूर दूर से यहां आए। यहां श्रृद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए। जिससे कि श्रृद्धालुओं को कोई परेशानी न हो सके। मेला स्थल में संक्राति पर्व में दुकानें सजी रही।



कायस्थ समाज की महिलाएं संक्रांति की सुबह पानी में तिल डालकर स्नान करते हैं। साथ ही स्नान के बाद आग में तेल डालकर हाथ सेंकते हैं। संक्रांति के दिन सबेरे 5 बजे जागकर सभी स्नान करते हैं और गाय को चारा डालते हैं। खाने में दाल-बाटी बनाई जाती है। मिठाई में जलेबी एवं तिल के लड्डू आदि बनाए जाते हैं। सबसे पहले ये व्यंजन मानदान को खिलाए जाते हैं।

### सूर्य का दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश

सूर्य उपासना का महापर्व मकर संक्राति 14 व 15 जनवरी को मनाया गया। ज्योतिषियों के अनुसार इस बार का संक्राति पर्व श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी है। मकर संक्राति के दिन ही सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करते हैं। सूर्य के उत्तरायण होने के बाद ही इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त भीष्मपितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। ज्ञातव्य है कि महाभारत युद्ध के दौरान अपने ही शिष्य अर्जुन के तरकस से निकले बाणों से भीष्म पितामह उस समय तक शेष शैया में रहे जब तक कि सूर्य उत्तरायण में नहीं आ गए थे।

### इन घाटों में भक्तों ने लगाई डुबकी

मकर संक्राति पर्व पर नगर के रपटा घाट, संगम घाट, हनुमान घाट, रंगरेज घाट, धर्मशाला घाट, नाव घाट, सहस्त्रधारा, पीपल घाट, नाव घाट, बाबा घाट सहित नगर के अन्य घाटों में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। संगम घाट में नगर के अलावा छत्तीसगढ़ व अन्य जिले बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नागपुर, आदि जगहों से श्रृद्धालुओं की भीड़ रही।

### सुरक्षा के लिए पुलिस रही तैनात

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जहां नगर सहित आसपास के क्षेत्रो में भी पुलिस जवान तैनात रहे। जिसके चलते रपटा घाट, संगम घाट, सहस्त्रधारा व अन्य घाटों में पुलिस द्वारा सुरक्षा के इंतजाम रहे। बता दे कि सहस्त्रधारा पर्यटन स्थल का अब रूप बदल चुका है। पर्यटन विकास विभाग द्वारा कराए गए कार्यो के कारण सहस्त्रधारा में पर्यटकों की दृष्टि से सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। इसलिए यहां पर्यटन गतिविधियों में इजाफा हुआ है। जिस कारण इस बार संक्राति में श्रृद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। जिसको देखते हुए यहां सुरक्षा के इंतजाम किए गए और पुलिस जवान तैनात रहे।





## आयोजनों से भगवान श्री राम के अध्यात्मिक विचार आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करें-संपतिया उइके



*** 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में धर्मगुरूओं तथा स्वयंसेवी संगठनों की बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के संबंध में जिला योजना भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य अधिकारी, धर्मगुरू तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भगवान श्री राम के अध्यात्मिक विचार आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करें। भगवान श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेने वाली गतिविधियों पर फोकस करें। 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाएं। इस संबंध में समाज में बेहतर वातावरण तैयार करें। उन्होंने कहा कि आयोजनों में सभी वर्ग के लोग शामिल हों। हर घर, हर बस्ती, हर गांव में कलश यात्रा, प्रभातफेरी, दीपदान, रंगोली तथा श्रमदान आदि के आयोजन करें। उन्होंने प्रभातफेरी, कलश यात्रा, मंदिरों तथा नदियों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था आदि के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की।

### 16 से 23 जनवरी तक चलेगा स्वच्छता अभियान

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि 16 से 23 जनवरी तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान श्रमदान के माध्यम से सभी मंदिरों, घाटों तथा शासकीय कार्यालयों में सफाई की जाएगी। उन्होंने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से श्रमदान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने विविध आयोजन करने वाली समितियों से आयोजनों की पूर्व जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने का आव्हान किया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने आयोजन के दौरान शांति तथा कानून व्यवस्था से संबंधित बिन्दुओं पर अपनी बात रखी।



## मुख्यमंत्री के आदेशों की हो रही नैनपुर में अवहेलना, आखिर कब हटेगा नैनपुर का मटन, मछली मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर

मप्र में भाजपा सरकार की मुखिया सुश्री उमा भारती ने जब 2008 में सत्ता संभाली थी। तब आदेश दिया था कि जिस भी नगरी क्षेत्र में बीच शहर में मटन मछली मार्केट आता है, उसे तुरंत अन्यत्र स्थापित कर व्यवस्थित किया जाए, लेकिन मंडला जिला के नैनपुर नगरपालिका क्षेत्र में सुश्री उमा भारती के आदेश को थांवर नदी में विसर्जित कर दिया गया। किसी को पता ही नहीं चला क्या आदेश था कहां चला गया। मटन मछली मार्केट जहां की तहां है। यह सब तत्कालीन परिषद के पार्षद गण, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष, सीएमओ, तहसीलदार, एसडीम, कलेक्टर, विधायक, सांसद सब की आंखों के सामने हुआ।



दोबारा बाबूलाल गौर बुलडोजर मंत्री ने मुख्यमंत्री की कमान संभाली, उन्होंने भी शहर के सौदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया लेकिन उस आदेश को भी नैनपुर नगरपालिका और प्रशासन में चकोर नदी में विसर्जित कर दिया और सब शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने देखते रहे, फोटो सेशन हुआ। कुछ गरीबों के टपरे तोड़कर माहौल खड़ा कर इति श्री कर लिया गया। इसके बाद आए शिवराज भैया मुख्यमंत्री बनकर उन्होंने भी आदेश जारी किया, उमा भारती, बाबूलाल गौर के आदेशों के बाद भी जहां कहीं मटन मछली मार्केट बच गए हो। उन्हें तुरंत शहर से बाहर एवं पवित्र नगरों में दारू दुकान भी प्रतिबंधित कर दी गई, फलस्वरुप आनन फानन में बिना लिखित आदेश के 10 नंबर वार्ड में एसडीम के द्वारा सेड का निर्माण कराया गया, फिर ना जाने कौन सा पावर प्ले ने कार्य किया। एसडीम का ट्रांसफर हो गया और मछली मटन मार्केट जहां का तहां आज भी अपना परचम लहरा रहा है।

वर्तमान में नई सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर को आदेश दिया, शीघ्र 22 जनवरी के पहले किसी भी शहर के बीचों बीच मटन मछली मार्केट हो तो उसे तत्काल हटाकर अन्यत्र स्थापित किया जाए। जिसके बाद अन्य स्थानों में कार्रवाई प्रारंभ हो गई। जहां पक्के नहीं बने वहां अस्थाई रूप से स्थापित कर दिए गए लेकिन शहर से बाहर हो गए। डिंडोरी में तो वहां के कलेक्टर द्वारा औरइ बाइपास पर जगह चिन्हित का निर्माण करने की प्रक्रिया प्रारंभ भी करा दी है, लेकिन 2008, 2010, 2013, 2015 के आदेशों के बाद भी 2023 में डॉ. मोहन यादव के बाद भी नैनपुर में आज तक मटन मछली मार्केट के लिए जमीन ही नहीं मिल रही है। परिषद और प्रशासन आपस में नूरा कुश्ती कर रहे।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नेहरू युवा केंद्र मण्डला के तत्वाधान में आदित्य सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र मण्डला एवं देवेंद्र द्विवेदी (एपीए) नेहरू युवा केंद्र मंडला के निर्देशानुसार लगातार स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर 12 से 19 जनवरी तक आज दिनांक 15 जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत खडदेवरा में युवा मंडल व महिला मंडल के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों के साथ मिलकर मंदिर के पास साफ-सफाई कर समस्त ग्रामवासी समस्त जनमानस को साफ-सफाई करने व अपने आसपास साफ-सफाई से रहने का संदेश दिया एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क पैदल रैली निकालकर सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत हेलमेट लगाओ जान बचाओ का नारा लगाते हुए गांव भ्रमण के लिए एक पैदल रैली निकाली गई जिसमें युवा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर (शेरा) के द्वारा बताया गया कि जीवन की रक्षा के लिए हेलमेट लगाना बहुत आवश्यक है आप सभी जनों से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की गई कार्यक्रम के दौरान युवा मंडल के सचिव विजय ठाकुर एवं शिवम ठाकुर (एनवायवी मण्डला) अमन सिंह ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी व महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की इसी दौरान जिला अस्पताल मण्डला में जाकर अभिषेक ठाकुर व विशाल ठाकुर के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया एवं जनमानस से अपील की गई कि रक्तदान महादान होता है इस अवसर पर शिवम ठाकुर (एनवायवी मण्डला) युवराज ठाकुर (उपसरपंच ग्राम पंचायत पदमी) अमन सिंह ठाकुर, अजय ठाकुर, अंकित ठाकुर की उपस्थिति रही।

**आयोजन** | **वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार संकल्पित-संपतिया उइके**

# पीएम जनमन अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम

*** एकलव्य आवासीय कन्या परिसर में हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम एकलव्य आवासीय कन्या परिसर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों को आवास की पहली किस्त प्रदाय की गई। साथ ही सड़क, विद्युत परियोजना, जल परियोजना, वनधन विकास केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र, बहुउद्देश्यी केन्द्र एवं छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान की गई।





कार्यक्रम में उपस्थित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के माध्यम से सरकार अपने संकल्प को पूरा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी बैगा बसाहटों में सर्वे कर वंचित लोगों की सूची तैयार की गई है। जिसके आधार पर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रत्येक बैगा का आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, पात्रता पर्ची, वन अधिकार पट्टा आदि प्रदाय किए जा रहे हैं। साथ ही सभी बैगाओं के सिकलसेल एनीमिया की जांच की जा रही है। द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री आवास, सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी, कौशल विकास, मोबाइल टावर, मोबाइल मेडिकल यूनिट आदि से संबंधित व्यक्तिगत तथा सामुदायिक लाभ प्रदाय किए जा रहे हैं।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सोनसाय बैगा खटिया तथा सरस्वती चंदरनिया मसना मवई के दलों द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के तहत बैगा हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई गई थी जिनका मंचासीन अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पीएचई मंत्री संपतिया उइके सहित अन्य अतिथियों ने मेडिकल मोबाइल यूनिट एवं टीबी उन्मूलन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### बैगा संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करें

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि बैगा संस्कृति की विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में शामिल है। इस संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए सरकार द्वारा कान्हा में बैगा सांस्कृतिक हब का निर्माण प्रक्रिया में है। उन्होंने बैगा समुदाय के लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी संस्कृति को संजोने के लिए अपनी बोली, भाषा, परंपरा को आने वाली पीढ़ियों को भी सिखलाएं।

## मवई में 5 दिवसीय नेत्र शिविर

**मण्डला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंड मवई में नेत्र संबंधी विशेष अभियान चलाया जाएगा। मवई के 27 एचडब्ल्यूसी केन्द्रों में 5 नेत्र चिकित्सा सहायकों के माध्यम से 5 दिनों में डायग्नोस्टिक केम्प आयोजित कर ऑपरेशन योग्य मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा। प्रत्येक एचडब्ल्यूसी केन्द्रों में ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन 29, 30 व 31 जनवरी 2024 को डॉक्टर तरूण अहरवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ जबलपुर के द्वारा किया जाएगा। मरीजों को 108 एम्बूलेंस के माध्यम से लाने, ले जाने की सुविधा रहेगी।

## लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रातः 11 बजे से नर्मदा मैया कि पूजा अर्चना के पश्चात भंडारा वितरण शुरू किया गया जी निरंतर शाम 5:30 बजे तक चलता रहा। लोधी समाज धर्मशाला निर्माण हेतु समाज द्वारा क्रय की गई भूमि स्थल में भंडारा वितरण किया गया। सुखदेव जंघेला अध्यक्ष जंघेला समाज, विजय जंघेला अधिवक्ता, सुनील जंघेला अधिवक्ता, गोविंद जंघेला, स्वपनिल जंघेला, अनवर सिंह ठाकुर ख़रिख़री, सज्जन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष जिल लोधि क्षत्रिय समाज सिवनी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर मुगदरा, बालसिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष आलोक संघ मण्डला, राजेश कुमार लोधी प्रदेश संगठन सचिव आलोक, चिरौंजी लाल जंघेला ग्वारा घनश्याम प्रसाद जंघेला डगनहा, भुवनेस्वर प्रसाद जंघेला ग्वारा, खोबे लाल जंघेला ठरका, बलराम जंघेला सर्री, कमला प्रसाद जंघेल सर्री, ओम प्रसाद जंघेला लिमरुआ,कृष्ण कुमार जंघेला ढेकों, रघुवीर प्रसाद जंघेला धनपुरी, शिवचरण जंघेला महराजपुर, डीहाराम जंघेला, दौलतराम जंघेला,बलराम जंघेला, रामचंद्र जंघेला, गणेश प्रसाद जंघेला, चुरामन जंघेला, पुरुषोत्तम जंघेला लिमरुआ व अन्य सामाजिक बंधुओ माताओं बहनों का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## महल चाकलेट बनकर रह गई रोजगार गारंटी योजना?

**सांईखेड़ा।** रोजगार गारंटी योजना लगभग विगत कई वर्षो से यह योजना चल रही हैं, लेकिन इसके बेहतर परिणाम न आने से केवल यह योजना जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांवो में वह उस बेहतरीन चाकलेट में तब्दील होकर रह गई है, जिसे देखा तो जा सकता है, परन्तु इससे स्वाद नही लिया जा सकता, आमजन का आरोप है कि क्षेत्र के अनेक गांवों में रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यो में पजीकृत मजदूरों को काम नही दिया जा रहा है, इसके अलावा विकास कार्यो को रेखाकित करने में भी कोताही बरती जा रही है। गौरतलब है कि गन्ना व अन्य फसलों की कटाई सीजन में यहां बाहर की ही मजदूर आकर कार्य करते है, और इस तरह गांव के मेहनत कश अपनी अजीवका के लिये स्थानीय स्तर पर मिलने वाली मजदूरी पर निर्भर रहते है,परन्तु रोजगार गांरटी योजना उन्हें काम दिलाने में नाकाम साबित होती नजर आ रही है, जिससे मजदूरों में निराशा व्यप्त है।

## दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में जाकर अटक रहे फाईले

**गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है, जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आाधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैकों में भेज दिया गया है, मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है।

## बैंको से लोन लेने भटक रहे बेरोजगार युवा, आखिर में कैसे मिटे बेरोजगारी

**गाडरवारा।** शहर जहां एक ओर तेजी से विकसित होता चला जा रहा है, वही दूसरी ओर नगर में चमचमाती होटले, व्यापारिक प्रतिष्ठानों का जहां जाल फैल रहा है तथा शहर में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की तादात बढ़ती जा रही है, जिसमें अतिक्रमण अभियान से प्रभावित अनेक नौजवानों ने भी शामिल होकर इस बात को साबित कर दिया है कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सिमटते चले जा रहे है, इस प्रकार से लगातार बेकारी की दंश से पीड़ति युवाओं का कहना है कि क्षेत्र में निजी सेक्टर में नौकरियों का आभाव जिस प्रकार से बना हुआ है उसके चलते जहां अब युवा अपने परिजनों पर बोझ साबित होते हुए दिखाई दे रहे है? वही युवा स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपने बूढें माँ बाप की सेवा करना बेरोजगार युवाओं के पास विकल्प रह गया है, किन्तु सरकारों की योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवा को नही मिल पा रहा है। युवाओं का कहना है कि जिन युवाओं ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन लेने के प्रकरण बनबाये थें वे बैंकों में अटके पड़े है क्योंकि इन प्रकरणों के अंतर्गत ऋण देने के पहले बैंक युवाओं से गारंटी मांग रहे है। अधिकतर बेरोजगार युवाओं ने बताया कि जबकि गौर किया जावे तो प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ऐलान कर चुके है कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत बैंकों से बेरोजगार युवाओं के ऋण प्रकरणों में प्रदेश सरकार गारंटी लेगी तो फिर क्यों बैंको द्वारा उन्हें कर्ज नही दिया जा रहा है।

### स्थानीय नाव चलाने वाले युवकों की मदद से पानी के अंदर किशोर के शव को खोजने में मिली सफलता

# मकर संक्रांति पर्व पर माँ के साथ ककराघाट नर्मदा स्थान करने गये किशोर की डूबने से हुई मौत





### पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों को सौंपा शव

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रतिवर्ष मकर संक्राति के मौके पर जिस प्रकार से क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लोगों का हूजुम उमड़ते हुये देखा जाता है इस सच्चाई से शायद प्रशासन अनजान नही होगा। मगर इसके बाद भी जब कोई घटना घटित होती है तो प्रशासन पर सबाल खड़े करने से लोग नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार से मगर सक्रांति यानि की कल सोमवार को गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेडा पुलिस थाने के नर्मदाजी के ककराघाट पर देखने मिली है जहां एक वर्ष के अंतराल बाद मकर संक्राति के मौके पर नर्मदा नदी में डूबने से जहां एक किशोर की जल समाधि हो गई। बताया जाता है कि इस वर्ष मकर सक्रांति पर्व दो दिन का होने के चलते जहां नर्मदा तटों पर 14 जनवरी रविवार को भी भीड़ का आलम देखने मिला था तो बुरकी का विशेष महत्व 15 जनवरी सोमवार को होने के चलते इस दिवस सभी नर्मदा घाटों पर विशेष भीड़ देखने मिल रही थी। इसी प्रकार का हाल ग्राम नर्मदा नदी के प्रसिद्व घाट ककराघाट के दोनों ओर पर भी देखा जा रहा था जहां पर नर्मदाजी में स्नान करने वालों की भीड़ लगी हुई थी। ज्ञात हो कि ककराघाट नर्मदा नदी का इस ओर का भाग पलोहा थाना क्षेत्र में आता है तो उस तरफ का भाग तेंदूखेडा पुलिस थाना क्षेत्र में आता है। मगर नर्मदा नदी में पुल का निर्माण होने के चलते जहां गाडरवारा क्षेत्र से नर्मदा स्थ्रान करने वाले लोग उस तरफ पहुंचकर इसलिये स्नान करना पसंद करते है क्योंकि इस तरफ रेत होने के चलते नर्मदा स्नान करने में सुविधा रहती है इसी के चलते उस तरफ भीड अधिक होती है। वही यहां पर नीचे की ओर एनटीपीसी द्वारा बनाये डेम के चलते ककराघाट पर पानी में गहराई बन चुकी है जो इस तरह डूबने की घटनाओं का मुख्य कारण बनने से नही चूक रहा है? मकर संक्रांति के मौके पर समीपस्थ चीचली निवासी सुरेश कतिया का 13 वार्षिय पुत्र उमंग कतिया अपनी माँ कृष्णा बाई कतिया तथा चाचा के साथ नर्मदा नहाने के लिये ककरा घाट गया हुआ था। इस तरह किशोर अपनी मांग के साथ नर्मदा स्नान कर रहा था और अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण ला पाता हो गया जिसके चलते किशोर के डूबने के चलते लोगों ने शोर मचाना शुरू करने के चलते मौके पर नर्मदाजी में नाव चलाने वाले लोगों द्वारा नर्मदा नदी में डूबे हुये किशोर को खोजना शुरू कर दिया गया। मगर जब तक वह किशोर को खोजने में सफल हो पाते जब तक काफी देर हो चुकी थी। इस तरह जब स्थानीय स्तर पर नाव चलाने वाले लोगों द्वारा नर्मदा नदी में डूबे हुये किशोर को बाहर निकला गया और उपचार हेतु तेंदूखेडा स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया तो वहां पर डाक्टरों द्वारा उमंश कतिया पिता सुरेश कतिया उम्र 13 वर्ष निवासी चीचली को मृत घोषित किये जाने पर पुलिस द्वारा पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर शव परिक्षण उपरांत किशोर के शव को परिजनों को सौपा गया। इस तरह एक परिवार द्वारा खुशी के साथ मनाई जा रही मकर संक्रांति की उमंग जहां उमंग की मौत के चलते मातम में बदल चुकी है। इस तरह मकर सक्रांति के पर्व पर जिस तरह बीते हुये कुछ वर्षो से घटित हो रही घटनाओं के चलते जहां लोगों में दहशत देखने मिल रही है। यदि पूर्व में घटित हुई इस तरह नर्मदा में डूबने की घटनाओं की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो बीते हुये वर्षो में यहां पर मकर सक्रांति के मौके पर नर्मदा स्नान करने के दौरान डूबने से मौते हो चुकी है। मगर इसके बाद भी इस तरह मकर संक्रांति सहित अन्य त्यौहारों पर जिनमें नर्मदा जी के स्नान करने वालों की भीड एकत्र होती है यह बात की सच्चाई जिला से लेकर स्थानीय स्तर के अधिकारी जानते हुये भी नजर अंदाज किये जाने का परिणाम इस तरह की घटनाओं के रूप में देखने मिलता है।

# मकर संक्रांति के दूसरे दिन भी नर्मदा तटों पर उमड़ते हुये देखी गई भक्तों की भीड़



**अनेक जगहों पर लगे मेलों में उमड़ा जन सैलाब**

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** हर वर्ष संक्राति के महा पर्व के चलते क्षेत्र के नर्मदा तटो पर जिस प्रकार से भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है, उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र में धर्म की गंगा बहने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार से इस वर्ष भी मकर संक्राति के मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटो पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। वही दूसरी ओर इस वर्ष मकर संक्रति का पर्व दो दिन होने के क्षेत्र के नर्मदा तटों पर 14 जनवरी रविवार के दिन भी मेला लगा रहा और नर्मदा जी के तटों पर भारी भीड़ देखने मिली तो वही दूसरी दिन यानि की कल सोमवार 15 जनवरी को भी मकर संक्राति पर नर्मदा स्नान का विशेष पर्व होने के चलते क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। क्योंकि मकर संक्रांति का विशेष पर्व 15 जनवरी को होने के चलते जिला कलेक्टर द्वारा स्थानीय स्तर पर अवकाश घाोषित किये जाने के चलते लोगों ने दूसरे दिवस पूर्ण खुशी के महौल में मकर संक्रांति अपने परिवार के लोगों के साथ मनाते हुये क्षेत्र में लगने वाले मेलों में पहुंचकर आनंद लिया। इस प्रकार से इस वर्ष लगातार दो दिन मकर संक्राति का पर्व होने के चलते नर्मदा तटों सहित अन्य जगहों पर दो दिन तक मेला लगे रहे, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों ने इन मेलों में पहुंचकर जहां खूब मस्ती की गई। वही दूसरी ओर शनिवार परम्परागत होने के चलते भीड़ रही तो दूसरी ओर 15 जनवरी सोमवार को मकर सक्रांति पर विशेष पर्व होने के चलते इस तरह दोनों ही दिनों को मकर संक्रांत का पव होन के कारण क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, भटेरा, कोठिया, घघरौला खर्द, लिंगा खुर्द सहित अन्य नर्मदा तटों पर भी भक्तों की भीड़ दिन भर ही उमड़ते हुये देखी गई जिसके चलते हजारों लोगों ने नर्मदा पहुंचते हुये जहां माँ नर्मदा जी के निर्मल नीर में आस्था की डुबकी लगाई गई। वही दूसरी ओर माँ नर्मदा का पूजन अर्चन करते हुये क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की गई। वही समीपस्थ झिकोली नर्मदा घाट पर लगातार दो दिन तक चले हुये मेले में लगातार जन सैलाब उमड़ते हुये देख गया। इस प्रकार से झिकोली के दोनों ओर लगे हुये मेले का आकर्षण अनोखा ही देखने मिलता है, क्योंकि जिले की बार्डर पर लगने वाले इस मेले की सुरक्षा का दायित्व जहां उस पार रायसेन जिले की पुलिस का होता है, वही इस पार नरसिंहपुर जिले की पुलिस का रहता है। इस प्रकार से जिले की बार्डर पर लगने वाले इस मेला को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनाई जाती है।



# नकली खाद विक्रय होने को लेकर किसान सभा ने सौंपा जांच कार्यवाही हेतु ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज//सालीचौका।** क्षेत्र में बीते हुये कुछ समय से देखा जा रहा है कि बडे स्तर पर कुछ लोगों द्वारा किसानों को गुमराह करते हुये नकली खाद का विक्रय करते हुये किसानों की जेबों पर डाका डालने से नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हु कुछ दिनों पहले समीपस्थ बनखेडी में देखने मिल चुकी है जिसके गाडरवारा क्षेत्र के लोगो को वहां के किसानों द्वारा नकली खाद विक्रय करते हुये पकड़ा गया था। इस तरह धड़ल्ले से बिक रहे नकली खाद ने कहीं न कहीं अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ा दी। अपनी खून पसीने की कमाई से क्षेत्र का अन्नदाता नकली खाद खरीद रहा है इसका खुलासा तब हुआ जब नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बनखेडी के किसानों ने एक खाद व्यापारी से खाद लिया तो वह नकली निकला। जिसके बाद किसानों की शिकायत पर नर्मदापुरम बनखेडी कृषि विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने दो लोगों पर एफआईआर दर्ज की दोनों खाद कारोबारी नरसिंहपुर की तहसील गाडरवारा ब्लाक चीचली के सालीचौका से सम्बंधित बताये जा रहे है। ताजुब्ब की और अनोखी बात यह है कि उक्त घटना लगभग 2 माह पूर्व की है और खाद सालीचौका में निर्मित और परिवहन होता पाया गया इसके बाबजूद भी यहां के कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी और उनके अधीनस्थ कर्मियों ने उक्त घोटाले में कोई



ठोस कार्यवाही नही की गई और न ही मीडिया और कृषकों को उक्त सम्बन्ध में कोई सतर्कता और लाभप्रद सूचना प्रदान की। कही ऐसी तो नही की नकली खाद के निर्माताओ,पैकिंग, परिवहन और विकेताओ के साथ कृषि विभाग के अधिकारी भी कुछ बहती गंगा में हाथ धो रहे हो। बनखेडी में कार्यवाही को एक माह बीत चुका न तो नकली खाद कारोबारी की गिरफ्तारी हुई और न ही प्रशासन की कार्यवाही किसी मुकाम तक पहुंची। दोनों नकली खाद सप्लायरों पर कार्यवाइयों क्यो नही की गई और नही गिरफ्तारी की गई।इसी मांग को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी मध्यप्रदेश किसान सभा ने नकली खाद्य कारोबारी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम सालेचौका थाने प्रभारी को सोपते हुये सख्त कार्यवाही की मांग की गई है।

## धूमधाम के साथ निकाली गई अक्षत कलश यात्रा



**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** ज्यो ज्यो अयोध्या में भगवान श्रीराम के विराजने की तारीख समीप आती जा रही है त्यों त्यो लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस ग्राम बारहाबड़ा में लोगों द्वारा अक्षत कलश यात्रा बडे ही धूमधाम के साथ निकाली गई। बताया जाता है कि यह अक्षत कलश यात्रा नगर के श्रीराम जानकी मंदिर से शुरू होकर बस स्टैन्ड पहुंची जहां पर पूजन अर्चन उपरांत घुमते हुये नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण किये जाने के दौरान लोगों ने उत्साह के साथ पूजन अर्चन किया गया। वही यहां से रवाना होकर ग्राम ढुरसरू पहुंचने पर समापन हुआ। इस अक्षत कलश यात्रा में यशवंत कौरव, दुर्गेश कौरव, नीरज कौरव, संदीप कुशवाहा, ब्रजेश हिनखिरिया, नरेश श्रीवास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चीचली क्षेत्र के ग्राम चारगांवखुर्द में प्रधानमंत्री जनमन योजना कार्यक्रम हुआ सम्पन्न,भारिया जनजाति के लाभार्थियों को हितलाभ का हुआ वितरण

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा/गाडरवारा।** सरकार द्वारा जिस तरह अंतिम छोर पर बैठे हुये व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की बात कहते हुये अपनी कार्य योजना का संचालन किया जा रहा है उसकी सच्चाई इस तरह देखी जा रही है कि गांव गांव शिविर लागते हु लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अद्योसंरचना विकास एवं सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत 9 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली 11 गतिविधियों सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज के गावों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। योजनाओं से वंचित भारिया परिवारों को लाभांवित किया जाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर पर किया, जिसका सीधा प्रसारण जिले के गाडरवारा तहसील के बाबई चीचली विकासखंड की ग्राम पंचायत चारगांव खुर्द- गोटीटोरिया में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, डॉ. नमिता नीलकंठ उप संचालक एनसीडी कार्यक्रम, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण आदिवासी बंधु मौजूद थे। वही कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार ने बताया कि जनजातीय लोग दुर्गम स्थानों पर रहते हैं, जिससे उन्हें सामान्य लोगों की तरह मिलने वाली सुविधा नहीं मिल पाती है। इसके लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से भारिया जनजाती के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की



सुविधा, पेयजल की सुविधा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव व श्री मुकेश मरैया ने भी संबोधित कर केन्द्र सरकार की इस योजना पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले के बावई चीचली विकासखण्ड के कुल 5 **Hadittetion** को पक्के मार्ग से जोड़ने के लिए 5 सड़के सम्मिलित की गई हैं, जिसमें इसमें मोहपानी से बड़ागांव- तलैया, आबादी- 1238, जिसकी कुल लंबाई 29.10 किमी लागत 4003.70 रूपये लाख, मोहपानी बड़ागांव रोड़ से भिलमाढाना (राजस्व), आबादी-382, लंबाई 12.50 किमी लागत 1360.64 रूपये लाख, भिलमाढाना (राजस्व) से भिलमाढाना (वनग्राम), आबादी-389 लंबाई 0.70 किमी लागत 43.31 रूपये लाख, भिलमाढाना (राजस्व) से कोटरी (छिन्दखेड़ा), आबादी-385, लम्बाई 12.00 किमी लागत803.38 रूपये लाख, भिलमाढाना कोटरी रोड से हिंगपानी, आबादी 185, लम्बाई 6.80 किमी लागत 547.33 लाख रुपये। इस प्रकार 5 ग्रामों को जोड़ने के लिए 5 मार्ग 61.10 किमी लम्बाई में 6758.40 लाख रुपये लागत के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रेषित किये गये हैं। इसमें लगभग 2500 लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। जिले के चीचली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बड़ागांव के कुकड़ीपानी, भातौर, पटकना तथा ग्राम सिल्हेटी के भारीया टोला एवं करेल विकासखंड के ग्राम दिल्हेरी के बरकुआ, ग्वारी टोला को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रगतिरत है, जिससे उक्त स्थान पर निवासरत जनजातीय समूह अतिरिक्त रूप से लाभांवित होंगे। कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के भारिया लाभार्थियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र, आधार कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना,आयुष्मान कार्ड सहित अन्य हितलाभों का वितरण जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले की जनपद पंचायत चीचली के ग्राम भिलमाढाना के छोटेलाल भारिया, रत्तु भारिया, श्रीमती फितिया बाई भारिया, श्रीमती कमला भारिया, अनीस कुमार भारिया, श्रीमती धनतरी बाई भारिया, श्रीमती फल्लोबाई भारिया व भीकम भारिया को लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सुनील मरकाम द्वारा बताया गया है कि अब तक 410 लोगों के आधार कार्ड, 170 जाति प्रमाण पत्र, 118 लोगों के जनधन योजना के तहत बैंक खाते खोले गये। आयुष्मान योजना के तहत 364 लोगों के आयुष्मान कार्ड, 95 लोगों को राशन कार्ड, 52 किसानों को किसान सम्मान निधि और 33 लोगों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये हैं। चारगांवखुर्द में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाये गये।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक में सवार दो व्यक्तियों की मौत,एक गंभीर

**शहपुरा ।** जबलपुर जिले के कुण्डम थाना क्षेत्र के जबलपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग महगवां पुलिया के पास अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिर गए, जिससे मौके पर दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कुण्डम पुलिस ने मौके पर पहुँच कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए कुण्डम के शव परीक्षण केंद्र भिजवाया। कुण्डम पुलिस के मुताबिक अज्ञात कारणों से सड़क़ हादसे में डिंडौरी जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के कृष्ण कुमार साहू एवं दीपक मसराम की मौत हुई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर पंचनामा तैयार कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं घायल एक युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंडम में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने उसे जबलपुर रेफर कर दिया है। कुण्डम पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### उपार्जन गोदाम के लिए मोहताज बजाग मुख्यालय



**डिडौरी।** तहसील एवं जनपद मुख्यालय बजाग में पडरिया डोंगरी तिराहे पर दो उपार्जन केन्द्रों की धान खरीदी की जा रही है। जिसमें धान उपार्जन केन्द्रों पर प्रभारी और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते किसानों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत कुछ दिनों से किसानों को बारदाना की कमी के चलते बारदाना प्राप्त करने जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अधिकतर किसान स्वयं ही बोरे निकाल रहे हैं जिसके चलते अव्यवस्था फैल रही है। इसके अलावा विभागीय अमले के लिए लापरवाही करें या मजबूरी कि खरीदी केंद्र में हजारों बोरा धान पड़ा हुए हैं। इसके अलावा बजाग का दुर्भाग्य कहें या विभागीय अमले सहित सरकार की लापरवाही कि बजाग जनपद में 75-75 लाख के 5 गोदाम बनाए गए हैं पर उनका उपयोग ही नहीं हो रहा है जबकि ट्रांसपोर्ट सिस्टम में सरकार का बहुत बजट बिगड़ रहा है। जबकि यदि मुख्यालय में कोई क्षमतावान वेयर हाउस या गोदाम बनाए जाते तो इस तरह ट्रांसपोर्ट के नाम पर सरकारी बजट बढ़ा रही है। किसानों के धान तौलने और सिलाने के लग रहे पैसे- विदित हो कि धान उपार्जन केन्द्रों तक धान पहुंचाने की जवाबदेही किसान की है वहीं दूसरी ओर धान तोलने और सिलने की जबावदारी शासन प्रशासन की है पर इस उपार्जन केन्द्र में सिलाई और तोलने का राशि किसानों को देनी पड़ रही है।

### बिल्ली को बचाने की कोशिश में पलटा ऑटो

**अनूपपुर।** अनूपपुर में सड़क हादसे में दस से अधिक लोग घायल हो गए। अनूपपुर में ऑटो पलट गया। जानकारी के मुताबिक रविवार रात मकर संक्रांति मेला से सवारी लेकर जमुड़ी जा रहा तेज रफ्तार ऑटो बिल्ली को बचाने के दौरान ऑटो क्रमांक एमपी 18 जेडबी 1489 अनियंत्रित होकर जिला जेल बिल्डिंग के पास पलट गया जिसमे पुरुष-महिला व बच्चों को मिलाकर 14 लोग सवार थे जिसमे नौ लोग घायल हुए हैं। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए 108 की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया। चार घायलों को सामान्य चोट होने पर प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया है। पांच गंभीर रूप से घायलों का इलाज किया जा रहा है। ऑटो चालक 32 वर्षीय नरेंद्र रौतेल निवासी जमुड़ी दिव्यांग है। जिला चिकित्सालय में 15 वर्षीय उषा कोल, 13 वर्षीय ज्योति कोल, 60 वर्षीय दुपासया कोल, 17 वर्षीय गापली कोल एवं सरस्वती कोल का इलाज चल रहा है।

### ज्योति दुबे संभालेंगी यातायात प्रभारी की कमान

**अनूपपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ज्योति दुबे को अब अनूपपुर का नवागत जिला यातायात प्रभारी बनाया गया है। उनकी पूर्व में हुई पदस्थापना में आंशिक संशोधन कर यातायात निरीक्षक जिला सागर की जगह अब उन्हें यातायात निरीक्षक जिला अनूपपुर का प्रभार दिया गया है।

# गुणवत्ताहीन चैकडेम को तोड कर पुनः निर्माण कराने के आदेश

## ग्राम पंचायत सरसवाही माल में हुआ घटिया चेक डेम का निर्माण

### तमाम तकनीकी जांच में हुआ फेल ! ?

**जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसवाही माल के ग्राम पहरुआ माल के पटपरिहा नाला में लगभग 10 लाख 51 हजार की लागत से महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत 2023-24 में स्वीकृत नए चेक डेम का घटिया व गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया गया है जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत स्वयं ही है ,**

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त चेक डेम निर्माण कार्य में प्राक्कलन में दिए गए माप एवं तकनीकी मापदंड के विपरीत कांक्रीट मिक्स में ग्रेडेड गिट्टी की जगह बड़े बड़े बोल्डर व पत्थरों को जमाकर उस पर कांक्रीट प्लास्टर कर कार्य पूर्ण दिखाने की कोशिश की गई जिसके फलस्वरूप पानी के एक ही बहाव में चेक डेम की विंग वॉल धराशाई हो गई और चेक डेम निर्माण में उपयोग किए गए बड़े बड़े बोल्डर पत्थर दिखने लगे साथ ही उक्त निर्माण कार्य मे लगभग 01 लाख पचास हजार रुपये की राशि भी केवल मजदूरी मद में ही खर्च कर दी गई व सामग्री क्रय करने हेतु एक रुपये की भी राशि खर्च ही नही की गई अर्थात जब मटेरियल क्रय ही नही किया गया तो निर्माण कैसे हो गया यह बड़ा सवाल है जबकि इस पर ग्राम पंचायत का कहना है कि चेक डेम निर्माण में पत्थर नही डाला गया है बल्कि मटेरियल रोकने के लिए सामने की ओर पत्थर लगाए गए थे परंतु इसके विपरीत निर्माण कार्य मे स्पष्ट रूप से बोल्डर पत्थरों का उपयोग स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा है जिसकी कई तकनीकी जांचों में भी यह स्पष्ट पाया गया है कि उक्त चेक डेम निर्माण कार्य पूर्णतः गुणवत्ताहीन है।

### जनपद सीईओ ने दिए गुणवत्ताहीन चेक डेम तोड़ने के आदेश-

दिनांक 29 दिसंबर 23 को जनपद सीईओ शहपुरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार दिनांक 19 12 2023 को सोशल मीडिया के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत चैकडेम निर्माण कार्य ग्राम पहरूआ माल ग्राम पंचायत सरसवाही माल में निर्माणाधीन चैकडेम गुणवत्ताहीन हो रहा है , जिसकी फोटो एवं वीडियो प्राप्त हुये जिसका निरीक्षण दिनांक 19 12 2023 को ही जनपद स्तर से अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा कराया गया जिसमें उक्त निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन प्रतीत हुआ है साथ ही सहायक यंत्री जनपद पंचायत शहपुरा द्वारा भी अपने कार्यालीन पत्र क्रमांक 17 दिनांक 20 12 2023 के माध्यम से उक्त निर्माण कार्य में कांक्रीट मिक्स में ग्रेडेड गिटटी की जगह बोल्डर का उपयोग किया गया है एंव कार्य प्राक्कलन के विपरीत व गुणवत्ताहीन बनाया गया है जिसको तोडते हुये पुनः निर्माण किये जाने के सम्बंध में आपको एवं संबंधित उपयंत्री को निर्देशित किया गया है जिसमें वर्तमान उपयंत्री द्वारा भी आपको दिनांक 21 12 2023 को पत्र के माध्यम से चैकडेम निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने के कारण तोडकर पुनः बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है , कार्य पर वर्तमान तक मजदूरी मद में राशि रूपये 01 . 50 लाख व्यय की जा चुकी है जबकि कार्य गुणवत्ताहीन है , इससे प्रतीत होता है कि उक्त कार्य पर हुआ व्यय निष्फल है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त गुणवत्ताहीन चैक डेम निर्माण कार्य को संबंधित उपयंत्री के समक्ष तोडवाकर दो दिवस में सूचना इस कार्यालय को दें इसके पश्चात जनपद स्तर से एक टीम गठित कर स्थल निरीक्षण कराया जावेगा इसके पश्चात ही निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ किया जाये जिसमें तकनीकी मार्गदर्शन के साथ एवं गुणवत्तायुक्त प्राक्कलन के अनुसार कराया जाये अन्यथा उक्त निर्देशों के पालन न होने की दशा में उक्त कार्य को यथास्थिति निरस्त करते हुये कार्य पर हई अब तक की व्यय राशि वसूल करते हुये आपके विरूद्ध गुणवत्ताहीन कार्य करते हुये शासन के साथ धोखाधडी करने के फलस्वरूप अनुशासनात्क कार्यवाही हेतु प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजा जायेगा।

### उपयंत्री ने भी लिखा सचिव सरपंच को पत्र-

जनपद पंचायत के उपयंत्री ए एच खान ने दिनांक 21 दिसंबर 2023 को सरपंच सचिव को मनरेगा योजना अंतर्गत चेक डैम निर्माण के संबंध में पत्र लिखकर कहा कि आपकी पंचायत के ग्राम पहरुआ माल के पटपरिहा नाला में चेक डैम का निर्माण किया गया है जो कि गुणवत्ताहीन है एवं कार्य में आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन के अनुरूप नहीं किया गया है अतः आप दो दिवस के भीतर उक्त कार्य को तोड़कर अलग करें एवं निरीक्षण के उपरांत आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन लेकर करना सुरक्षित करें।

### इनका कहना है,,,

मामले की जानकारी लगते ही चेक डेम निर्माण की जांच कराई गई जिस पर निर्माण गुणवत्ताहीन पाया गया जिसके बाद उसे तोड़कर दूसरा निर्माण करने हेतु आदेशित किया गया है अन्यथा की स्थिति पर कार्य को निरस्त कर अब तक व्यय की गई राशि वसूलकर जिम्मेदारों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी।

**-गणेश पांडे,**
**जनपद सीईओ शहपुरा**

चेक डेम तुड़वाने के लिए ग्राम पंचायत सहमत है परंतु चेक डेम में पत्थर पाए जाने पर ग्राम पंचायत तो जिम्मेदार होगी परंतु इसके विपरीत अन्यथा की स्थिति में प्रशासन ही जिम्मेदार होगा।

**- विजय कुशराम**
**सचिव ग्रा पं सरसवाही माल**



# बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज डिडौरी।

बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाई डिंडोरी द्वारा बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मायावती जी के 68 वे जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाई जिसके मुख्य अतिथि प्रताप सिंह आर्मो मौजूद रहे विशेष अतिथि डुमारी चैधरी,नगर अध्यक्ष शहपुरा,एवं विधानसभा अध्यक्ष डिंडोरी मुश्ताक खान विधानसभा अध्यक्ष शहपुरा ओमप्रकाश रैदास की उपस्थिति में अध्यक्षता कर रहे मो असगर सिद्दीकी जिला अध्यक्ष बसपा डिंडोरी के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर उनके किए गए कार्य को विस्तार सभी कार्यकर्ताओ को बताया बसपा के संस्थापक कांशीराम साहब के विचारों का रास्ते पर चलने को कहा कि बसपा राजनैतिक पार्टी के आलावा एक मिशन है जो भारत की तीसरे नम्बर की पार्टी भी है उनके जन्मदिन पर सभी जिले वासियो को बधाई शुभकामनाएं भी दी गई है बसपा के राज्य सभा सांसद एवं कई राज्यों के प्रभारी रामजी गौतम साहेब एवं बसपा के प्रदेश अध्यक्ष रामाकांत पिप्पल के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है बहन जी समाजिक परिवर्तन के महानायिका भी है,बसपा का नारा है सर्वजन हिताय सर्वजन सुखय के तर्ज पर चलता है,वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, जिला अध्यक्ष असगर सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी में जोर शोर से जमीनी स्तर पर कार्य को करें,एवं गांव गांव में जाकर कैडर कैम्प के माध्यम से नवयुवकों को सदस्यता अभियान को प्रथमिकता के आधार पर काम करें, कार्यक्रम के अन्त पर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मौजूद रहे, मुश्ताक खान, गोपाल परस्ते,डुमारी चैधरी, ओमप्रकाश रैदास, अंसार अहमद, रमेश चंद्र सेन, गिरवर सिंह,आदि उपस्थित रहे।

# आदिवासी समाज के राष्ट्रीय राज्यस्तरीय तथा क्षेत्रीय मुददों पर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज डिडौरी।




आदिवासी महापंचायत के द्वारा डिडौरी एंव मण्डला में सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संगठनों के कार्यकर्तागणों की बैठक सदगुरू काम्पलेक्स में आयोजित की गई, जिसमें समाज के राष्ट्रीय,राज्यस्तरीय तथा क्षेत्रीय मुददों पर चर्चा की गई, जिसमें जिले से बड़ी संख्या में पलायन, बांधों से होने वाले विस्थापन, वन अधिकार मान्यता कानून का पूर्ण क्रियान्यवयन, पेसा ग्रामसभाओं का सशक्तिकरण, पेसा नियमों का पालन नहीं होना, ग्राम सभाओं के आदेशों का उल्लंघन होना, जलवायु परिवर्तन का प्रकृति एंव आम आदमी पर प्रभाव, संशोधित वन संरक्षण अधिनियम के आदिवासियों पर प्रभाव, जल जंगल जमीन के मुददे, रोजगार के मुददे, शिक्षा के मुददे, रोजगार गारंटी के मुददे, शासकीय योजनाओं का क्रियान्यवयन ग्रामीण जनों तक कैसे पहुचे, वनों की अवैध कटाई, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, आदि मुददों पर विचार मंथन किया गया, मूलभूत विषयों पर जानकारी बैठक में जानकारी समाजसेवीयों ने एक दूसरे से साझा किया आदिवासी महापंचायत आदिवासी क्षेत्रों में बैठक कर क्षेत्रीय मुददों का संकलन कर आदिवासी वचन पत्र का प्रकाशन करेगी,जिसमें प्रदेश के जीवंत मुददे एंव राष्ट्रीय मुख्य मुददे प्रकाशित किए जायेंगे, जिससे राजनैतिक दल, सामाजिक संगठन, छात्र संगठन, कर्मचारी संगठन, तथा प्रदेश सरकार आदिवासी मुददों से परिचित हो सके। बैठक में राजाबली मरावी आदिवासी महापंचायत म.प्र., इन्द्रपाल मरकाम प्रदेश अध्यक्ष जयस, सुखना कुंजाम गोंडवाना महासभा निवास, टी.एस. मरावी, श्यामकुमारी धुर्वे ग्रामसभा परसेल, चैन सिंह धुर्वे अण्डई, एड. केहर सिंह वर्मे, एड. राहुल श्रीवास्तव,विजय सेन, समाधान पाटिल, राजेन्द्र सैयाम, शिव पूषाम, एंव अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी हरी सिंह मरावी के द्वारा किया गया।

# राम मंदिर उद्घाटन को भव्य बनाने की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**अमरकंटक।** 22 जनवरी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन अयोध्या धाम में होने जा रहा है। जिसको लेकर मध्य प्रदेश शासन प्रशासन अमरकंटक के पुजारी, साधु संतों और नगर के नागरिकों के द्वारा पुष्पराजगढ़ एसडीम दीपक पांडेय की अध्यक्षता व तहसीलदार श्री पांडे ने अमरकंटक विकास प्राधिकरण के ऑफिस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें नगर के नागरिक पुजारी, साधु संतों में श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक से स्वामी धर्मानंद जी महाराज स्वामी चेतन कश्यप जी महाराज, श्री मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक से योगेश दुबे पुजारी परिवार में से पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी, पंडित सुनील प्रसाद द्विवेदी, पंडित रुपेश प्रसाद द्विवेदी, पत्रकार श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर पांडेय सहित नगर के नागरिक उपस्थित होकर रामलला के भव्य मंदिर स्थापना के शुभ अवसर पर अमरकंटक में 15 तारीख से आयोजन प्रारंभ हो गए हैं जिसमें मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग के द्वारा रामलीला का आयोजन 15 से 17 तक एवं 18 तारीख से पवित्र नगरी अमरकंटक के नागरिकों एवं शासन के विशेष सहयोग से अन्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान का विशेष आयोजन किया जाएगा एवं 19 तारीख को संतों के आर्शीवचन, 20 को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक आयोजन, 21 को भव्य शोभा यात्रा कलश यात्रा एवं दीप उत्सव आतिशबाजी सुंदरकांड, 22 को श्री रामलला के मंदिर उद्घाटन के अवसर पर विशेष कन्या पूजन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस विशेष कार्यक्रम को कैसे अच्छे से अच्छा किया जाए जिसमें एक दो बैठक और नगर परिषद अमरकंटक में एसडीएम पांडेय के द्वारा की जाएगी।

# अमरकंटक के शंभूधारा में नवोदय के छात्रों ने किया अनुभूति का अनुभव



**अमरकंटक।** 14 जनवरी को मध्यप्रदेश इको पर्यटन बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक वन परिक्षेत्र में शंभूधारा सरोवर के प्राकृतिक स्थल पर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के 125 छात्र-छात्राओं ने मैं भी बाघ की थीम पर आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में सम्मिलित होकर साल सहित अन्य तरह के वनो, वन्य प्राणियों, प्रकृति के संबंध में अनुभव करते हुए प्रकृति को पहली बार नजदीक से देखा। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के प्रेरको द्वारा प्रकृति दर्शन हेतु शंभूधारा से लक्ष्मणधारा तक वन भृमण कराते हुए वन, वन्यप्राणियों,वनों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों,औषधि पेड़-पौधों, वन्यजीवो की जानकारी दी इस दौरान छात्र-छात्राओं ने दिन भर सम्मिलित रह कर कार्यक्रम में प्राप्त किए अनुभवों को लिखित एवं मौखिक रूप से अतिथियों के समक्ष साझा करते हुए कहा कि हमे पहले कभी ऐसे मनोरम दृश्य एवं वनांचल क्षेत्र में भ्रमण करने का अवसर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस कार्यक्रम में आने पर विभिन्न तरह की जानकारियां प्राप्त हो सकी है जिससे हमें महसूस होता है कि प्रकृति की संरचना का संतुलन बनाए रखने के लिए वनों का होना नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर शहडोल वृत के मुख्य वन संरक्षक लखन लाल उइके, अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के सीईओ तमन्वय वशिष्ठ शर्मा, अनूपपुर डीएफओ एसके प्रजापति, पुष्पराजगढ़ एसडीम राजेश पांडेय, सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह, एसडीओ पुलिस सोनाली गुप्ता, एसडीओ वन प्रदीप कुमार खत्री, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव, स्वामी मौत्री आनंद, प्रेरक मनीष कुमार धुर्वे, संजय पयासी, शशिधर अग्रवाल, विकास चंदेल, हरिश्चंद्र धुर्वे, देवेंद्र पांडेय, रिचर्ड रेगी राव के साथ विद्यालय परिवार के शिक्षक गणो के साथ वन परिक्षेत्र अमरकंटक के वन अधिकारी/ कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक सम्मिलित रहे। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शंभूधारा सरोवर स्थल पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का पौधारोपण किया। कार्यक्रम दौरान प्रशिक्षु आईएफएस एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरकंटक वीरेंद्र कुमार पटेल ने अनुभूति कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रकृति की संरचना को उज्जवल भविष्य हेतु अपेक्षा सभी से करते हुये आभार व्यक्त किया, छात्रों को शंभूधारा सरोवर के समीप बनाए गए ध्यान केन्दो का अवलोकन कराया गया तथा बाराती नाला की चट्टानों के बीच बैठा कर ध्यान करते हुए बहते पानी, जीव जंतुओं, गिरते पत्तों की आवाज का आभास कराया गया तथा साल बहुल अमरकंटक क्षेत्र जो सतपुड़ा-विंध्याचल मैकल के पहाड़ों से जुड़े अमरकंटक क्षेत्र के महत्व से अवगत कराया गया एवं प्रकृति के संतुलन बनाए रखने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई, छात्र-छात्राओं को साल के वृक्षो के बीच चिपक कर अमृतादेवी बिश्नोई एवं बहुगुणा द्वारा सैकड़ो वर्ष पूर्व वनों में वृक्षों की कटाई के लिए चलाए गए आंदोलन की तरह वृक्षो की रक्षा हेतु वृक्षों से लिपटकर उन्हें न काटने देने की शपथ ली।

खबर संक्षेप


## राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट दल प्री नेशनल कोचिंग हेतु रवाना

**नरसिंहपुर।** विगत दिनों स्थानीय खेल मैदान में आयोजित हुई राज्य स्तरीय 17 वर्षीय आयु वर्ग बालक बालिका वर्ग शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम हेतु चयनित खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी द्वारा 67 वीं राष्ट्रीय शालेय आयु वर्ग-17 वर्ष बालक क्रिकेट टीम को 16से23 जनवरी तक आयोजित प्री-नेशनल कोचिंग कैम्प हेतु मैनेजर को प्री नेशनल कोचिंग कैम्प के आयोजन तथा राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में म०प्र० शालेय दल को सम्मिलित कराने में भोजन, किट यात्रा, प्रतिभागियों का पंजीयन एवं अन्य आकस्मिक व्यय हेतु आवश्यकतानुसार क्रीड़ा अंशदान निधि से राशि उपलब्ध कराकर पटना बिहार प्रतियोगिता के रवाना किया गया। क्रिकेट दल के साथ नियुक्त ऑफिशियल्स में लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल से नियुक्त दल प्रबंधक देवेश वैद्य, व्यायाम निर्देशक नरसिंहपुर, दल सहयोगी योगेश सोनी, व्यायाम निर्देशक सी. एम. राइज शास. उत्कृष्ट विद्यालय करेली अक्षय डोबने दल के टीम मैनेजर नियुक्त किए गए हैं। उक्त अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी, प्राचार्य आर पी शर्मा,व्हालीवाल को संघ जोनल सचिव मनीष कटारे, जिला क्रिकेट संघ सचिव पंकज नेमा , व्यायाम शिक्षक अखिलेश श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश शालेय क्रिकेट दल को शुभकामनाएं प्रेषित कर रवाना किया गया।

## नरसिंह साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस स्थानीय वीआईपी स्कूल में वरिष्ठ कवि डॉक्टर महेश त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं गणेश कुमार चतुर्वेदी व सी.बी.शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई गोष्ठी की शुरुआत संचालन कर रहे कवि प्रशांत शर्मा 'सरल द्वारा गणेश एवं सरस्वती वंदना से हुई तत्पश्चात कवि कीरत 'सिंधु' द्वारा ना कोई शर्म बच्ची ना कोई लाज, कवि नरेंद्र सराठे द्वारा देव अवतारी पुण्य भूमि पर फैल रहा हर्षोल्लास, कवि कुंज बिहारी यादव द्वारा श्री राम आ रहे हैं श्रीधाम चल अयोध्या, वरिष्ठ कवि व सी. बी. शर्मा द्वारा चल रे राम आवास, कवि आशीष सोनी 'आदित्य' द्वारा रेला हो तो बरमान के रेले का जैसा हो, कवि हरिओम शर्मा द्वारा जिंदगी में हमें जो सुहाने लगे, वरिष्ठ कवि महेश त्रिपाठी द्वारा श्रद्धा भक्ति का रूप है राम,मर्यादा पुरुषोत्तम है राम, वरिष्ठ कवि राकेश माहेश्वरी 'काल्पनिक' द्वारा रिश्ते भी अब रिसने लगे हैं, फूल कांटे से लगने लगे हैं 'वही कविवर सतीश 'सरस' द्वारा गीत जिसे तुम बोल रहे हो,सच कहूं वह गीत ही नहीं है'ओज कवि अशोक त्रिपाठी द्वारा गजल के अपने आनंद होते हैं,रस मलाई छंद होते है'कवि प्रशांत शर्मा 'सरल' द्वारा सूर्यवंश में सूर्य सा,हुआ राम अवतार'वंश हंस जिन को कहें, और जगत आधार कवि शशिकांत मिश्र ने भी प्रभावी काव्य पाठ किया आभार प्रदर्शन के साथ गोष्ठी का समापन हुआ ।

## ए.एस.टी.ई. सम्मेलन में शामिल हुई रुचि



**करेली ।** विगत दिवस नगर की बेटी रुचि ने ए.एस.टी.ई. सम्मेलन न्यू ऑरलियन्स, लुइसियाना अमेरिका में अपना शोध प्रस्तुत किया। फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से एस.टी.ई.एम. शिक्षा पर शोध कर रही हैं। वे मुख्य रूप से विज्ञान पढ़ाने में शिक्षकों के आत्मविश्वास और तनाव प्रबंधन संबंधी शोध में शामिल हैं।

## रमेश जाट का निधन



**करेली ।** विगत दिवस रमेश चंद्र जाट (रिटायर नगर पालिका सैनिटी इंस्पेक्टर ) का अस्वस्थ के कारण निधन हो गया है आप सुनील जाट (नगर पालिका ) के पिताजी एवं अंशुल जाट के दादाजी थे उनकी अंत्येष्टि करेली मुक्तिधाम में की गई जहां पर समाज से सभी वर्ग के लोगो द्वारा दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

# लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## मकर संक्रांति पर मेले में रही भीड़, लोगों ने की खरीददारी







सोमवार को मकर संक्रांति शाही स्नान के पर्व पर मां नर्मदा की सभी घाटो पर भीड़ अनवरत बनी रही । वही नर्मदा के सभी घाटो पर भक्तो की भीड़ देखने को मिली साथ ही बरमान घाट मे लगने वाले मेले मे काफी भीड़ देखी गई ।



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर / करेली- बरमान ।

नर्मदा नदी तट पर बरमान के मेले में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मकर संक्रांति के पर्व से लेकर नर्मदा जयंती तक (लगभग एक माह की अवधि तक) लगने वाला मेला सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। श्रद्धालु भी अपनी आस्था माँ नर्मदा के प्रति व्यक्त करते हैं। मेले में पॉलीथिन के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक एवं पुख्ता इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा किए जाते हैं। संध्याकालीन तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल द्वारा मां नर्मदा की आरती कर क्षेत्र मे खुशहाली की कामना की गई ।

### लाखों भक्तो ने लगाई डुबकी

जिले के प्रमुख तीर्थक्षेत्र बरमान में सर्वाधिक भीड़ है। यहां संक्रांति मेला भी लगा है। सोमवार को प्रातः काल से भक्तों के आने का क्रम शुरू हो गया था, जिससे बरमान के रेतघाट मेला स्थल, सीढ़ी घाट, सतधारा के नए एवं पुराने पुल के आसपास घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे । घाटों के आसपास पार्किंग स्थलों पर वाहनों की खासी भीड़ है। नर्मदा स्नान के बाद जहां लोग घाटों पर बने कथा पंडालों में स्वजनों सहित कथा - अनुष्ठान करा रहे हैं तो वहीं लोग भर्ता-गक्कड़ बनाने में लगे रहे। बरमान में नर्मदा तट पर जाने वाले मुख्य मार्ग से बड़े वाहनों की आवाजाही रोक दी। सतधारा के पुराने पुल से भी बड़े वाहनों को नहीं जाने दिया जा रहा है। जिससे मार्ग पर यातायात जाम न रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 नरसिंहपुर सागर पर भी बरमान को जोड़ने वाले दोनों तिराहों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है। नर्मदा के महादेव पिपरिया, चिनकी, सांकल, झांसीघाट,ककरा, छत्तरपुर, केरपानी आदि घाटों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे। जिला मुख्यालय से लगे झिरना क्षेत्र में भी संक्रांति पर मेला लगा।

### दूसरें जिलो से भी पहुंचे श्रद्धालु

शाही स्नान के पर्व पर भगवान ब्रह्म की तपोभूमि ब्राम्हणघाट पर मकर सक्रांति के दिन सोमवार जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय अवकाश भी घोषित किया गया । छुट्टी के दिन आकार लाखो की संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों ने आकर मां नर्मदा नदी में आकर पूजन अर्जन कर दीपदान किया और दाल बाटी को बनाकर भोजन किया दमोह रायसेन सागर छिंदवाड़ा सिवनी से आकर लाखो की संख्या में दीपेश्वर मंदिर मे व अन्य मंदिर में पहुंचकर भगवान दीपेश्वर का भी पूजन अर्जन कर अभिषेक किया । मेले में घूमकर झूला ,चकरी,फ्लाई ट्रेन में घूम कर नागरिकों ने आनंद लिया। सतधारा के सूरजकुंड मैं आकर श्रद्धालु भक्तजनों ने मां नर्मदा जी में स्नान कर पूजन अर्चन किया सतधारा के पुराने पुल व नए पुल पर बड़ी संख्या में सुबह से ही वाहनों का आना जाना लगा रहा पुलिस की व्यवस्था को देखते हुए वाहनों के आने जाने में कोई परेशानी नहीं हुई छोटे - छोटे बच्चो ने आकर दीपेश्वर मंदिर में लगे झूले चकरी का भी आनंद लिया ।

### कैमरों से की जा रही मेले की निगरानी

बरमान मेला जिले के साथ प्रदेश में अपनी अमिट पहचान बनाए हुये उक्त मेले मे अन्य प्रदेशों के लोग भी शामिल होते है । मेला समिति एवं आने वाले सभी नागरिकों का दायित्व है कि मेला परिसर को साफ स्वच्छ बनाये रखे । मेला को भव्य बनाने के लिए बेहतर प्रयास किये जा रहे है । मेला समिति द्वारा श्रद्धालुओं व्यापारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है । मकर संक्रांति एवं शाही स्नान पर्व के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही । वही प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है वही मेला परिषर मे कैमरे से नजर रखी जा रही है । बरमान के दोनों तटों पर बने मंदिरों और धर्मशालाओं में लोगों की भीड़ है। लोग मंदिरों में दर्शन कर पूजन कर रहे हैं, नर्मदा परिक्रमावासियों को लड्डू, खिचड़ी, आटा आदि सामग्री दान कर रहे हैं। स्नान-पूजन के बाद लोग नौका विहार कर रहे हैं। मेले में अच्छी भीड़ होने से व्यापारियों भी खुश नजर आ रहे हैं। वहीं मेला स्थल पर बने पुलिस थाना से घोषणा कर लोगों को जेबकतरों से सावधान रहने, बच्चों का ध्यान रखने, नर्मदा में नहाने के दौरान गहरे पानी में न जाने की समझाइश दी जाती रही।



# श्रीधाम में गरीब रथ व बेलखेड़ा में बीना का मिला स्टॉप पेज


हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने नरसिंहपुर जिले के दो स्टेशन पर दो ट्रेनें स्टॉपेज की सौगात दी है। नरसिंहपुर की बेलखेड़ा स्टेशन में विंध्याचल एक्सप्रेस बीना एवं श्रीधाम स्टेशन पर गरीब रथ का स्टॉपेज का शुभारंभ हुआ है। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं गोटेगांव विधानसभा क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश ने बेलखेड़ा स्टेशन पहुंचकर ट्रेनों की अगवानी करते हुए ट्रेन के चालकों को मिठाई खिलाकर उनका पुष्प गुच्छ से अभिवादन कर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। वहीं मंचीय कार्यक्रम से रेल मंत्रालय और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री ने कहा कि आज यह बेहद हर्ष का विषय है कि मेरी संसदीय क्षेत्र की इन दोनों जगह की जनता की जन भावनाओं को देखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेनों का स्टॉपेज किया गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी का भी आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मेरे अनुरोध को स्वीकार किया और यह सौगात दी है। क्षेत्र के सभी ग्रामीण जनों ने केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते और क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश का आभार जताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि पंडित संतोष दुबे नंदराम पाठक निधान सिंह पटेल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं रेलवे के सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह स्टेशन प्रबंधक नरसिंहपुर पी के स्वामी एवं अन्य रेलवे के अधिकारियों सहित क्षेत्र के सभी ग्रामीण यात्रीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, रंगोली प्रतिभा प्रदर्शन, महा दीपोत्सव एवं महाआरती

हरिभूमि न्यूज - करेली ।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मंगल अवसर पर नगर को श्री राममय करने, प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर में आगमन को उत्सव के रूप में मनाने, प्रभु चरणों के स्वागत, अभिनंदन हेतु नगर पालिका परिषद करेली द्वारा नगर की विविध धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से भव्य उत्सव मनाया जावेगा।




### 21 जनवरी को रंगोली प्रतिभा प्रदर्शन

भव्य उत्सव में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में 21 जनवरी को नगर के मुख्य मार्ग पर रंगोली प्रतिभा प्रदर्शन का आयोजन रखा गया है, जिसमें प्रतिभागी नगर की सामाजिक, धार्मिक, रचनात्मक, शैक्षणिक, शासकीय एवं अशासकीय संस्थाएं, नगर के विभिन्न ग्रुप एवं महिला मंडलों द्वारा रंगोली सजाई जावेगी। जिन्हें आगामी 26 जनवरी पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत भी किया जावेगा। नगर के मुख्य मार्ग में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक सभी प्रतिभागी संस्थाएं व ग्रुप रंगोली सजावट करेंगे एवं अपरान्ह 3 बजे से देर रात्रि तक नागरिकगण रंगोली का अवलोकन करेंगे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु प्रतिभागी संस्थाएं 18 जनवरी तक प्रभारीगण आशीष अग्रवाल, आशीष दुबे, अभिषेक जैन राजा से संपर्क कर सकेंगे। रंगोली प्रतियोगिता में केवल संस्थागत प्रवेश रहेगा, जो निशुल्क होगा। मुख्य मार्ग पर 5.15 के खंड में प्रतिभागियों द्वारा रंगोली सजाई जावेगी। रंगोली की व्यवस्था प्रतिभागी संस्था को स्वयं करनी होगी। इसके साथ-साथ आयोजन समिति द्वारा समस्त नगरवासियों, व्यापारी बंधुओ से आग्रह किया गया है कि इस दिन सभी बंधु अपने-अपने घरों के सामने भी रंगोली, वंदनवार सजाकर प्रभु श्री राम चरणों का अभिनंदन करें।

### 22 जनवरी को महा दीपोत्सव एवं महाआरती

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को नगर के मुख्य मार्ग सहित विविध मंदिरों को असंख्य दीपों से जगमग किया जावेगा। आयोजन के अंतर्गत मुख्य मार्ग पर निरंजन चौक से लेकर बरमान चौराहा, श्री राम मंदिर में 11000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इस दिन संध्या 7:30 बजे नगर प्रधान प्रभु श्री रामलला के दरबार श्री राम मंदिर में भव्य महाआरती की जावेगी। तदंतर रात्रि 8 बजे से मुख्य मार्ग पर भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें नगर की प्रमुख धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और नगर को प्रभु चरणों के स्वागत हेतु असंख्य दीपों से जगमग किया जावेगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप ममार, समस्त पार्षदगणों के मार्गदर्शन में आयोजन के प्रभारीगण शिक्षक आशीष दुबे, राजेंद्र शर्मा, अभिषेक जैन राजा, आशीष नेमा, राकेश बड़कुर, आकाश पटेल, गुड्डू चौरसिया आयोजन की रचना देखेंगे। सभी नागरिक बंधुओं, मातृशक्ति, युवजनों से आयोजन के माध्यम से प्रभु चरणों की वंदना का आग्रह किया गया है।

# स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा की लगातार हो रही उपेक्षा

## सुधार की दिशा मे सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**तेंदूखेड़ा-** तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तेंदूखेड़ा के समग्र विकास को सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। भौगोलिक दृष्टि से इस नगर को विकास की दिशा में जहां होना चाहिए था ,वह अपने मुकाम तक नहीं पहुंच सका है। आज भी कोसों दूर है।इसमें चाहे स्थानीय लोगों की इच्छा शक्ति का अभाव या फिर अनूकूल स्थिति का अभाव रहा हो या फिर समय पर विषय ना रखे गए हों। हमेशा से अनुकूलता का अभाव बताया जाता है। लेकिन अब ऊपर से लेकर नीचे तक अनुकूल माहौल है। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी विकासशील सोच के है।निजी स्वार्थों और स्वयं के विकास को दरकिनार करते हुए दलगत भावना से हटकर सामूहिक प्रयास कर समग्र विकास की दिशा में हर वर्ग को आगे आने की जरूरत है।आज तेंदूखेड़ा से शिक्षित संपन्न परिवार अपनी दूरदर्शी सोच और बच्चों के भविष्य तथा माहौल को लेकर यहां से पलायन कर दूसरे शहरों में बच्चों को पढ़ाने के साथ आशियाना भी बना रहे हैं।केवल मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लोगों द्वारा ही जितनी व्यवस्था उतने में ही पूर्ति कर जीवन यापन कर लिया जाएगा।

**'शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूल स्थिति नहीं'-** तेंदूखेड़ा शासकीय शैक्षणिक स्थिति में काफी पीछे है, विषय बार शिक्षकों की कमी के साथ प्रमुख विषयों के शिक्षक ना होने, जर्जर भवन, एक मात्र शासकीय महाविद्यालय में प्रमुख विषयों का ना होना,भवन में छात्रों की संख्या के मान से संकीर्णता,विषय बार नियमित प्राध्यापकों प्राचार्य का होना, उचित व्यवस्था और माहौल की जरूरत है।



**'स्वास्थ्य व्यवस्था में नगण्यता'-** नगर की स्वास्थ्य व्यवस्था स्वयं बीमार बनी रहती है।पहले इसके ही इलाज की महती आवश्यकता है। तीन जिलों के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए ना तो पर्याप्त भवन है और ना ही सुविधाएं ।भवन विस्तार के साथ सिविल अस्पताल के रुप में उन्नयन किये जाने के साथ महिला विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ पर्याप्त विशेषज्ञ डाक्टरों की बेहद जरूरत है वहीं स्टाप की भी बेहद कमी बनी हुई।किसी भी तरह से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन कराना समय के हिसाब से मजबूरी बनीं हुई है। समय-समय पर स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं के नाम पर ऊपर से ठेका लेकर संबंधित ठेकेदार पेटी पर ठेका देकर केवल औपचारिकता ही निभा रहें हैं। और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं ज्यों की त्यों बनी हुई है।

**'पुलिस बल की कमी'-** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग, रायसेन सागर और नरसिंहपुर जिले की अंतिम सीमा पर स्थित नगर की सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल ना होना सोचनीय विषय बना हुआ है। यहां तक की महिला डेस्क बंद होने फिर महिला पुलिस अधिकारी ना होना भी इस थाने के साथ मजाक जैसा है। लगभग 80ग्रामीण क्षेत्रों की देखभाल सुरक्षा विभिन्न मामलों में न्यायालयों में प्रकरणों को लेकर जाना तथा विभिन्न प्रकरणों में विवेचना शांति सुरक्षा सीमित बल की कमी बेहद खलती है।

**'बंद पड़ी कृषि उपज मंडी'-** तेंदूखेड़ा की एक मात्र कृषि उपज मंडी जो कि हमेशा चर्चाओं में रहने के साथ खरीफ और रबी सीजन में ही बंद पड़ी रहती हो तो अन्य समय में इसकी क्या उम्मीद की जाये। लगातार मंडी बंद रहने से तेंदूखेड़ा के व्यापार व्यवसाय पर काफी विपरीत असर पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा का व्यापारी वर्ग केवल हाथ पर हाथ रखकर बैठा हुआ है ।

# 12 ग्राम पंचायतों में सम्पन्न हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सोमवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 पंचायतों में कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं आदि ने सहभागिता की। जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत उमरिया व भामा में विधायक महेन्द्र नागेश ने सहभागिता की और लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर सभी नागरिकों को राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण के भाव से दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आन स्पॉट क्विज, पुरस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से



पूजा आदि कर स्वागत किया गया। साथ ही कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत बचई व बकोरी, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत भामा, उमरिया, मुआर व जमुनिया, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत टिमरावन व खकरिया, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत खंचारी व करपगांव और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत अजंसरा व खुलरी पहुंची।